## खबर संक्षेप

### एमएसएमई में निवेश और टर्न ओवर की सीमा ढाई गुना हुई

**खरगोन।** प्रदेश सरकार द्वारा अब सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम इकाइयों का निवेश और टर्न ओवर (कारोबार) का दायरा बढ़ाकर ढाई गुना कर दिया गया है। राज्य शासन ने एक अप्रैल 2025 से नए नियम प्रभावी कर दिए हैं। इस नए बदलाव से मध्यप्रदेश में नवीन उद्योग धंधों का विकास होगा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम की दक्षता में वृद्धि, तकनीकी उन्नयन और बेहतर वित्तीय पहुंच हो सकेगी। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार 01 अप्रैल 2025 से सूक्ष्म उद्यम के निवेश की सीमा एक करोड़ रुपये से बढ़ा कर 2 करोड़ 50 लाख रुपये और कारोबार की सीमा बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये की गई है। पूर्व में निवेश की सीमा एक करोड़ तथा टर्न ओवर (कारोबार) की सीमा 5 करोड़ रुपये थी। इसी तरह लघु उद्यम श्रेणी में निवेश की सीमा 10 करोड़ से बढ़ाकर 25 करोड़ और करोबार की सीमा को 50 करोड़ से बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

### जल संचयन कार्यो की स्वीकृति के लिए शिविर आयोजित




**नीमच ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की मनरेगा योजना से संबंधित कार्यों की स्वीकृति के लिए जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्?णव के निर्देशन में जिले के 18 सेक्टर मुख्यालयों पर संबंधित सेक्टर के उपयंत्री एवं ग्राम पंचायत के सरपंच सचिवों द्वारा कार्यो को स्वीकृत करने की कार्यवाही की गई। इसमें मनरेगा से हितग्राहीमूलक योजनाओं अंतर्गत खेत तालाब निर्माण एवं सामुदायिक कार्य अंतर्गत अमृत सरोवर व सामान्य तालाब निर्माण और मरम्मत हेतु चेक डैम, स्टॉप डैम व तालाबके प्राक्लन तैयार कर, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को प्रस्तुत किए गए हैं।

### महिलाओं के लिए निः शुल्क सिलाई प्रशिक्षण 5 अप्रेल से

**नीमच।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, नीमच द्वारा महिलाओं के लिए निश्शुल्क सिलाई प्रशिक्षण 5 अप्रेल से एवं ब्यूटी पार्लर का निश्शुल्क प्रशिक्षण 9 अप्रेल से प्रारंभ किया जा रहा है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पंजीयन प्रारंभ हों गया है। ईच्छुक युवक-युवतिया पंजीयन के लिए मोबाईल न. 9111053516 पर संपर्क कर सकते है।प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण का लाभ ग्रामीण अंचल की युवतियां जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो,ले सकती है। इस 30 दिवसीय प्रशिक्षण में आवास, भोजन व नाश्ते की व्यव्स्था निश्शुल्क रहेगी। प्रशिक्षण के दौरान इच्छुक प्रशिक्षणार्थीयों के ऋष्टा उपलब्ध कराने के फार्म भी प्रशिक्षण केंद्र पर ही भरवाएं जाएंगे।प्रशिक्षणार्थी 3 पासपोर्ट साईज फोटोएवं 3 सेट में आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, अंकसूची की छायाप्रति के साथ आवेदन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हवाई पट्टी के सामने, विश्राम भवन के पास ,चीताखेडा रोड़ नीमच में जमा करा सकते है।

### सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित सहायता के लिए हेल्पलाईन

**मंदसौर ।** मध्य प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित सहायता के लिए कई हेल्पलाईन संचालित की जा रही हैं। ये हेल्पलाईन 108 समस्त मार्ग ( राष्ट्रीय राजमार्ग NH, राज्यमार्ग स।, प्रमुख जिला सड़क, ग्रामीण सड़क) मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित एम्बुलेंस के लिए,1099 राज्यमार्ग पर म.प्र. सड़क निगम द्वारा संचालित एम्बुलेंस के लिए, 1033 राष्ट्रीय राजमार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा संचालित एम्बुलेंस के लिए, डॉयल 100 किसी भी आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए है। इन हेल्पलाईन के माध्यम से दुर्घटना की स्थिति में पीड़ित को तत्काल सहायता प्राप्त हो सकती है।


### गुलाब चक्कर नए स्वरुप में निखरेगा

**रतलाम ।** कलेक्टर श्री राजेश बाथम के प्रयासों से रतलाम शहर में कालिका माता मंदिर के समीप पुरातत्व एवं सांस्कृतिक दृष्टि से ऐतिहासिक महत्व वाला गुलाब चक्कर अब नए स्वरुप में निखरेगा। गुलाब चक्कर में लगाई जाने वाली विद्युत रोशनी एवं सुसज्जा आमजन के मन को मोहित करने के साथ-साथ आनन्द का अनुभव प्रदान करेगी।प्राचीन धरोहर का सौंदर्यीकरण कर दो ओपन एयर रेस्टोरेंट का संचालन किया जाएगा। इसके लिए विधिवत् वित्तीय प्रस्ताव भी आमंत्रित कर दिए गए हैं। इन रेस्टोरेंट में सैलानी और रतलामवासी पारिवारिक वातावरण में स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। गुलाब चक्कर में मनोरंजन हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ योग, शारीरिक स्वास्थ्य, खेलकूद आदि के लिए भी नियमित रुप से क्लासेस चलाने की व्यवस्था बनेगी।

# कलेक्टर ने ली झिरन्या एवं भगवानपुरा ब्लॉक के छात्रावास अधीक्षकों की बैठक

## राशि का दुरूपयोग नहीं किया जाए अन्यथा अधीक्षक पर होगी कड़ी कार्यवाही

**पीपुल्स प्रवक्ता, खरगोन।**



कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने 04 अप्रैल को झिरन्या एवं भगवानपुरा विकासखण्ड के 50 सीटर छात्रावासों के अधीक्षकों एवं इन छात्रावासों पर निगरानी रखने के लिए नियुक्त अन्य विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर छात्रावासों में उपलब्ध सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक श्री खेमराज सेन भी उपस्थित थे।

कलेक्टर सुश्री मित्तल ने बैठक में झिरन्या एवं भगवानपुरा ब्लॉक के प्रत्येक छात्रावास में सीसीटीवी, गीजर, आरओ वॉटर, किचन गार्डन, स्टडी रूम, डायनिंग टेबल, वॉश बेसिन, खिड़कियों में मच्छर जाली, छात्रावास में प्रदाय किये जा रहे पेयजल की टेस्ट रिपोर्ट, मेस के लिए एफएसएसएआई सर्टिफिकेट की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधीक्षकों को सख्त निर्देश दिये कि छात्रावासों में यह सब सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहना चाहिए और इसकी जिम्मेदारी छात्रावास अधीक्षक की रहेगी।

कलेक्टर सुश्री मित्तल ने कहा कि छात्रावास अधीक्षकों को 50-50 हजार रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है। इस राशि का छात्रावास में बुनियादी सुविधाओं को जुटाने में उपयोग किया जाए। जहां राशि का दुरूपयोग पाया जाएगा, वहां पर अधीक्षक के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधीक्षकों को सख्त निर्देश दिये कि छात्रावास के सभी बच्चों की अपार आईडी, आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी, आधार कार्ड अनिवार्य रूप से बने होना चाहिए। सभी अधीक्षकों को छात्रावास के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कलेंडर बनाने के निर्देश दिए गए। जिन छात्रावासों में किचन गार्डन नहीं है वहां पर अनिवार्य रूप से इसे बनाया जाए। बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि बालक छात्रावास पाडल्या में स्टडी रूम संतोषजनक नहीं है। इस पर मापदण्ड के अनुसार स्टडी रूम बनाने के निर्देश दिए गए। बालक छात्रावास राजपुरा के अधीक्षक राधेश्याम जोहरे द्वारा बताया गया कि 50 हजार रुपये की राशि का उपयोग पलंग क्रय करने में किया गया है। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने इस पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि पलंग के लिए अलग से राशि प्रदाय की जाती है। उन्होंने राजपुरा के छात्रावास अधीक्षक द्वारा खर्च की गई 50 हजार रुपये की राशि की जांच कराने के निर्देश दिये। आदिवासी बालक आश्रम काकोड़ा में अंग्रेजी और गणित के शिक्षक नहीं होना बताया गया। इस पर छात्रावास अधीक्षक बाथू सोलंकी को सख्त निर्देश दिये गए कि इन विषयों के लिए अतिथि शिक्षक की व्यवस्था करें, अन्यथा उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### कोटबेड़ा में बने आश्रम भवन की जांच करने के निर्देश

समीक्षा के दौरान बताया गया कि कन्या आश्रम कोटबेड़ा का 03 वर्ष पूर्व बने भवन का उपयोग नहीं हो रहा है। इस भवन की छत टपक रही है। इस पर कलेक्टर सुश्री मित्तल ने आदिवासी विकास विभाग के इंजीनियर से भवन की जांच कराने और गुणवत्ताहीन कार्य के लिए जिम्मेदार व्यक्ति पर कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। कन्या आश्रम करान्या की नई अधीक्षिका को छात्रावास अधीक्षिका का प्रभार नहीं मिलने की जानकारी सामने आने पर कलेक्टर ने शीघ्र प्रभार दिलाने के निर्देश दिये। इस छात्रावास में फ्रिज किसी फर्म या संस्था से दान करवाने के निर्देश दिये गए। विमुक्त जाति छात्रावास में गीजर एवं सीसीटीवी कैमरा शीघ्र लगवाने के निर्देश दिये गए।

## आवासहीनों की प्रतिक्षा सूची में नाम जोड़ने अब 30 अप्रैल तक किया जायेगा सर्वे

**पीपुल्स प्रवक्ता, खरगोन।**

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस की सूची अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे के माध्यम से स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल हितग्राहियों के नाम जोडे जाने के लिए सर्वे कार्य की अवधि बढ़ाई गई है। जिसके अनुसार आवास प्लस सर्वे का कार्य अब 30 अप्रैल तक पूर्ण कराया जा सकेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संचालक द्वारा जारी पत्र के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा योजना को आगामी पांच वर्ष के लिए मंजूरी प्रदान की गई है।

इस संबंध में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस 2024 सर्वे प्रारंभ किया गया है। जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में स्थाई प्रतीक्षा सूची में पात्र परिवारों के नाम जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवास प्लस-2024 सर्वे की समय सीमा को एक महीने के लिये बढ़ा कर 30 अप्रैल 2025 की गई है। अतः समस्त जिलों को निर्देशित किया गया है कि उक्त समय-सीमा मे पात्र परिवारों का सर्वे कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे तथा यह भी सुनिश्चित करे कि सर्वे से कोई भी पंचायत, ग्राम, फलिया, टोला, मजरा आदि न छूटे एवं समस्त पात्र परिवारों का सर्वे सूची में नाम दर्ज हो।

# जिले में धर्मगुरु भी बता रहें हैं जल की महत्ता

## बावड़ी को सहजने के लिए श्रद्धालुओं ने किया श्रमदान




**पीपुल्स प्रवक्ता, इन्दौर।**

इंदौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी के तहत जल संरक्षण की महत्ता जन-जन तक पहुँचाने के लिए नियमित कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अभियान से धर्मगुरु भी जुड़ रहे हैं। धर्मगुरु जल की महत्ता जन-जन तक विभिन्न माध्यमों से पहुँचा रहे हैं। धर्मगुरुओं की प्रेरणा से नागरिक श्रमदान कर बावड़ी, कुँओं और तालाबों को संवार रहे हैं।

इसी सिलसिले में जिले के ग्राम बरलाई जागीर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें चारभुजा नाथ मंदिर सांवेर के गुरु श्री आनंदाचार्य भी विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने अपने आश्रम के बटुकों के साथ पूजन-अर्चन किया। मंत्रोच्चार के साथ जल का पूजन भी किया गया। उन्होंने उपस्थित जनों को जल की महत्ता बतायी। उन्होंने कहा कि जल की एक-एक बूँद जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। हमारी धार्मिक मान्यताओं में भी जल का विशेष स्थान है। सभी मिलकर जल को सहजे। पानी की एक-एक बूँद बेकार नहीं जाने दें। उनके आव्हान पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने बरलाई जागीर की बावड़ी के लिये श्रमदान किया।

## तारापुर के सरपंच के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित

**पीपुल्स प्रवक्ता, नीमच।**

नीमच जिले की जावद जनपद की ग्राम पंचायत तारापुर के सरपंच के विरूद्ध 21 मार्च 2025 को प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव पर शुक्रवार को ग्राम पचांयत तारापुर में सम्मेलन आयोजित किया गया। तहसीलदार जावद सुश्री मयूरी जोक ने बताया कि इस सम्मेलन में कुल 16 सदस्य, पंचों ने भाग लिया।मतदान पश्चात उपस्थित सदस्यों के समक्ष मतगणना की गई। मतगणना अनुसार अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष मे 12 मत प्राप्त हुवे तथा अविश्वास प्रस्ताव के विपक्ष मे चार मत प्राप्त हुवे हैं। कोई भी मत निरस्त नही हुआ है।

तहसीलदार जावद ने बताया , कि म.प्र. पंचायतराज अधिनियम 1993 की धारा 21 के नियम (1) के तहत उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों तीन चोथाई से अन्यून एवं ग्राम पंचायत का गठन करने वाले पंचों, सदस्यों की कुल संख्या के दो तिहाई से अधिक 12 मत प्राप्त होने से ग्राम पंचायत तारापुर के सरपंच श्री विवेक सुरागी के विरूद्ध नियमानुसार अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया हैं।

# शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई



**पीपुल्स प्रवक्ता, रतलाम।**

कलेक्टर राजेश बाथम के निर्देशानुसार ग्राम सुराखेडी स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 8 रकबा 0.240 हेक्टेयर व भूमि सर्वे क्रमांक 7 रकबा 1.550 हेक्टेयर भूमि जो कि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में मंदिर कालिका माता के, रतलाम प्रबंधक कलेक्टर, जिला रतलाम म.प्र. शासन के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।उक्त भूमि पर अतिक्रमणकर्ता सईदा बी बेवा अब्दुल हमीद, नि. शैरानीपुरा रतलाम, अशरफ पिता अब्दुल हामिद, नि. शैरानीपुरा रतलाम, सत्तार पिता वकील खां नि, मिल्लतनगर रतलाम, रईसा पति अकरम खां नि. शैरानीपुरा रतलाम के द्वारा गेहूं कि फसल बोकर अतिक्रमण किया गया था।उक्त संबंध में नियम अनुसार कार्यवाही कि जाकर 3 मार्च 2025 को ग्राम सुराखेडी स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 8 रकबा 0.240 हेक्टेयर व भूमि सर्वे क्रमांक 7 रकबा 1.550 हेक्टेयर को अतिक्रमणकर्ताओं से अतिक्रमण मुक्त कराकर कालिका मंदिर के पुजारी हेमंत पिता चण्डीप्रसाद व प्रकाश पिता अमरलालजी के सुपूर्द की गई। उक्त शासकीय भूमि की अनुमानित कीमत नौ करोड़ रूपए है।उक्त कार्यवाही में राजस्व विभाग की ओर से आशीष उपाध्याय नायब तहसीलदार (पूर्वी भाग), रतलाम शहर, राजस्व निरीक्षक मेहरबानसिंह मालवीय, पटवारी गिरीश शर्मा, मुकेश मरमट, अंकित परिहार, विजय मकवाना व पुलिस विभाग की और से सालाखेडी चौकी प्रभारी मुकेश यादव उपस्थित रहे।

## ई-उपार्जन पोर्टल पर तुअर फसल का उपार्जन 20 अप्रैल तक

**रतलाम ।** जिले के किसान ई-पोर्टल पर रबी मौसम 2024-25 में तुअर फसल के पंजीयन करवाकर शासन की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ले सकते हैं। किसान तुअर फसल का पंजीयन ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत में स्थापित सुविधा केन्द्रों, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों तता सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र एवं एम.पी. किसान एप आदि पर भी पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था है। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि श्रीमती नीलमसिंह चौहान ने बताया कि तुअर फसल का पंजीयन जिले के निर्धारित 6 पंजीयन केन्द्रों विपणन सहकारी संस्था मर्यादित आलोट, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित ताल, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति धराड, प्राथमिक सहकारी संस्था भीमाखेडी जावरा, प्राथमिक सहकारी समिति उपलई तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कछालिया पर कार्यालयीन समय में ई-उपार्जन पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन करवा सकते हैं।

## अनीमिया से पीडित दिलीप के हिमोग्लोबिन स्तर में सुधार हुआ स्वास्थ्य टीम की मेहनत रंग लाई



**पीपुल्स प्रवक्ता, रतलाम ।**

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनवाडी केन्द्र तथा स्कूलों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना अंतर्गत ग्राम मझोडीया आयुष्मान आरोग्य मदिर रतनगढपीठ अंतर्गत टीकाकरण दिवस पर श्रीमती ममिता खराड़ी एएनएम व श्रीमती तपस्या कटारा कम्युनिटी हेल्थ आफिसर की उपस्थिति में डॉक्टर संध्या तिवारी (आरबीएस के चिकित्सक) को आंगनवाड़ी केन्द्र पर उपस्थित बच्चों की स्वास्थ्य जांच में दिलीप पिता समरथ डामोर उम्र 5 वर्ष को परीक्षण दौरान हिमोग्लिग्लोबिन कम होना का अंदेशा होने पर उसका हीमोग्लोबिन टेस्ट कराया गया जिसमें दिलीप का हीमोग्लोबिन का स्तर 5.5 ग्राम पाया गया। दिलीप की अन्य जांचों व कंफर्म हीमोग्लोबिन स्तर का पता लगाने के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना आशा कार्यकर्ता ललिता डामोर के माध्यम से बुलाया गया जहां पर लेबोरेटरी में जांच कराने पर अन्य जांच सामान्य पाई गई परन्तु हिमोग्लोबिन स्तर 5.5 ग्राम ही पाया गया। इस संबंध में डा. संध्या तिवारी द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी बाजना डॉक्टर हिमांशु राव को अवगत कराया गया। ब्लाक मेडिकल आफिसर द्वारा दिलीप के परिजन को बाल चिकित्सालय रतलाम जाकर रक्ताधान कराने के लिए समझाया गया।आशा कार्यकर्ता परिवारजन के घर गई जहां दिलीप के परिवारजन द्वारा पारिवारिक कार्य होने से रतलाम जाने के लिए मना कर दिया।

# केंद्रीय विद्यालय नीमच में विज्ञान संकाय प्रारंभ होने पर विद्यार्थियों और अभिभावकों में हर्ष

## सेंट्रल स्कूल नीमच को मिली विज्ञान संकाय की सुविधा

**पीपुल्स प्रवक्ता, नीमच ।**



केंद्रीय विद्यालय नीमच में इस शिक्षा सत्र से विज्ञान संकाय प्रारंभ हो गया है। विद्यालय में विज्ञान संकाय प्रारंभ हो जाने पर अभिभावकों ने गुरूवार को कलेक्टर हिमांशु चंद्रा से भेंट कर उनका स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी.के.शर्मा सहित केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित थे।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री चंद्रा ने सभी अभिभावकों एवं इस सत्र में विज्ञान संकाय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। गौरतलब है कि पिछले दिनों विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में कलेक्टर के समक्ष पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी.के.शर्मा एवं अभिभावकों द्वारा विद्यालय में विज्ञान संकाय की आवश्यकता बताई जा कर विज्ञान संकाय प्रारंभ करवाने का अनुरोध किया गया था।

इस पर कलेक्टर नीमच द्वारा केंद्रीय विद्यालय समिति एवं बोर्ड को केंद्रीय विद्यालय नीमच में विज्ञान संकाय की अध्यापन सुविधा उपलब्ध करवाने के संबंध में पत्राचार किया गया था, परिणाम स्वरूप इस शिक्षा सत्र से विद्यालय में विज्ञान संकाय प्रारंभ होकर विद्यार्थियों के प्रवेश की प्रकिया प्रारंभ हो गई है। इससे अभिभावकों एवं विद्यार्थियों मे हर्ष हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भी हैं। उनके नेतृत्व में विद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है और विज्ञान संकाय खुलने से विद्यालय की तरक्की को ओर अधिक गति मिलेगी। इस उपलब्धि से अभिभावकों एवं छात्रों में हर्ष है।

## कलेक्टर ने किया राजपुर विकासखण्ड के अंतर्गत विभिन्न स्थानो का निरीक्षण

**पीपुल्स प्रवक्ता, बडवानी ।**

कलेक्टर सुश्री गुंचा सनोबर ने शुक्रवार को राजपुर विकासखण्ड के भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानो का निरीक्षण किया । सर्वप्रथम राजपुर के ग्राम सालखेड़ा स्थित गौशाला का निरीक्षण कर यहॉ की व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं के संबंध में चर्चाकर जानकारी प्राप्त की । इसके पश्चात ग्राम ओझर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षको से विद्यार्थियो को दी जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चाकर परीक्षा परिणाम, सुरक्षा व्यवस्था और शैक्षणिक गतिविधियो के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की । इस दौरान कलेक्टर ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर कम्प्यूटर लेब, बायोलाजी लैब, स्मार्ट क्लास और अन्य का निरीक्षण भी किया । साथ ही विद्यार्थियो से भी संवाद कर उनकी समस्याओ को जाना । कलेक्टर द्वारा ओझर स्थित निमाड फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड का भी निरीक्षण कर एफपीओ के सदस्यो द्वारा किये जा रहे कार्यो जैसे आर्गेनिंग फ्रामिंग, वर्मी कम्पोस्ट, खाद, बीज एवं अन्य के संबंध में चर्चा की गई । एफपीओ की एक महिला सदस्य ने बताया कि उनका जीवन एफपीओ से जुड़कर पहले से बेहतर हुआ है। जहॉ पहले वह घर की चार दीवारी से बाहर नहीं निकल पाती थी, अब वह स्वयं दूसरी महिलाओं को भी इस ओर प्रेरित कर रही है।